ाए रह सकते है।
र्मी प्रतीत हो सकती
म काफी गर्म व
होगा।

सूर्य 6:53 (अस्त) 5:25 (उदय-कल)
तापमान 36:0 (अधि.) 28:0 (न्यून.)
आर्द्रता 88 (अधि.) 58 (न्यून.)

बीईडीसीपीएल एक नवंबर से करेगी बिजली का वितरण

- फ्रेंचाइजी कंपनी एसपीएमएल ने किया भागलपुर इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का गठन
- कंपनी के निदेशक अमानुल्लाह ने भावी कार्ययोजनाओं से डीआरडीए सभागार में वरीय अधिकारियों को कराया अवगत

डीआरडीए सभागार में एसपीएमएल के निदेशक, डीएम, आयुक्त व अन्य अधिकारी। जागरण

संवाददाता, भागलपुर : भागलपुर इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बीईडीसीपीएल) एक नवंबर से शहर में स्वतंत्र रूप से विद्युत वितरण एवं बिलिंग का जिम्मा संभालेगी। फ्रेंचाइजी कंपनी एसपीएमएल ने इस कार्य के लिए बीईडीसीपीएल का गठन किया गया है। इस आशय की जानकारी बुधवार को डीआरडीए सभागार में एसपीएमएल के निदेशक अमानुल्लाह ने जिले के वरीय अधिकारियों को दी।

अमानुल्लाह ने अधिकारियों को अपनी कार्ययोजना से अवगत कराते हुए बताया कि फिलहाल कंपनी विद्युत विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रही है। पिछले छह माह से कंपनी ने विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे कर बिजली की समस्याओं का अध्ययन किया है। अमानुल्लाह ने अपनी भावी कार्ययोजनाओं को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दर्शाया।

गौरतलब है कि भागलपुर शहर के तीन विद्युत अनुमंडलों तिलकामांझी, मोजाहिदपुर व नाथनगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के दो विद्युत अनुमंडलों कहलगांव और अलीगंज में विद्युत वितरण एवं बिलिंग का कार्य निजी क्षेत्र की कंपनी एसपीएमएल द्वारा किया जाना है।

क्या है कार्ययोजना

- 15 दिनों में 180 विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी
- 40 लाइनमैनों को दिया गया है प्रशिक्षण
- छेड़छाड़ न हो इसके लिए व्यक्तिगत घरों से हटाए जाएगे बिजली के मीटर
- मोहल्लों में केंद्रीयकृत मीटर काम्प्लेक्स का कराया जाएगा निर्माण
- तिलकामांझी में स्थापित होगा कॉल सेंटर
- बिजली वितरण को लेकर आठ जगहों पर लगेंगे बाउंड्री मीटर

बुनकरों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

अमानुल्लाह ने बताया कि नाथनगर एवं चंपानगर के बुनकरों के साथ बैठक की गई है। बुनकरों के अनुसार अगर वे जेनरेटर से पावरलूम चलाते है तो 24 घंटे में तीन हजार रुपये से अधिक का खर्च आता है। उन्हें 24 घंटे बिजली मिलने से डीजल मद में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा।